प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 सोमवार दिनांक 02.09.2024

मुख्य समाचारः—

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल कृषि मिशन को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री ने तीजा—पोरा तिहार के अवसर पर महतारी वंदन योजना के तहत सातवीं किश्त जारी की—पोषण माह का शुभारंभ करते हुए सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- राज्य गौ संरक्षण समिति द्वारा ग्यारह दिसंबर को स्कूलों और कॉलेजों में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ का लोकपर्व पोला आज प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल—निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल दो हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रुपये की लागत वाले डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए तीन हजार नौ सौ उनयासी करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है।

केन्द्र सरकार ने दो हजार दो सौ इंक्यानवे करोड़ रुपये की लागत से कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक में एक हजार सात सौ दो करोड़ रुपये की लागत से पशुधन स्वास्थ्य और उनकी जनसंख्या बढ़ाने की योजना को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा आठ सौ साठ करोड़ रुपये

की लागत से बागवानी के सतत विकास कार्यक्रम को अनुमति दी गई। एक हजार दो सौ दो करोड़ रुपये की लागत से कृषि विज्ञान केंद्रों और एक हजार एक सौ पन्द्रह करोड़ रुपये की लागत से प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को भी मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री–पोषण माह–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित निवास में आयोजित तीजा–पोरा महतारी वंदन तिहार कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सुपोषण रथ राज्य के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर लोगों को पोषण का संदेश देगा। इस रथ में सुपोषण पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। सुपोषण रथ के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलो में पोषण और स्वास्थ्य संबंधी ऑडियो, वीडियो संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिलाओं को पोषण माह की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और सुपोषित छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने के लिये राज्य सरकार कृत संकल्पित है। कुपोषण और एनीमिया जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गंभीर प्रयास किये जा रहें है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोषण माह के दौरान इस वर्ष एनीमिया वृद्धि निगरानी, पूरक पोषण आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदाय के लिए तकनीक का प्रयोग और समग्र पोषण पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि प्रदेश में कल एक सितंबर से पोषण माह की शुरूआत हो चुकी है, जो तीस सितंबर तक चलेगा।

पोला

छत्तीसगढ़ का लोकपर्व पोला आज प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर किसानों ने अच्छी फसल की कामना के साथ अपने हल और बैलों की पूजा–अर्चना की। पोला त्यौहार, कृषि संस्कृति में पशुधन के महत्व को दर्शाने वाला पर्व है। आज बच्चों ने मिट्टी से बने बैल और अन्य खिलौनों का आनंद उठाया।

रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भी आज तीजा–पोरा तिहार धूमधाम से मनाया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास में आयोजित तीजा–पोरा तिहार के मौके पर महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त के तहत एक–एक हजार रुपए महिलाओं के खाते में अंतरित किए। योजना के तहत सत्तर लाख महिलाओं को छह सौ तिरपन करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। इसे मिलाकर अब तक चार हजार पांच सौ अठहत्तर करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मौजूद थे।

वहीं, पोला तिहार के अवसर पर राजधानी रायपुर के रावणभाटा में बैल दौड़, बैल सजावट और किसान सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।

गौ विज्ञान परीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण और संवर्धन समिति द्वारा राज्य में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास में इस अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।

परीक्षा के बारे में जानकारी देते हुए प्रांत संयोजक इरन्ना सपारे और प्रांत परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर यह परीक्षा ग्यारह दिसंबर को गीता जयंती के दिन आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के पांच लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बारह जनवरी को होने जा रहे प्रदेश स्तरीय गौ सेवा संगम कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जाएगा।

भाजपा—सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की।

अपने संबोधन में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि बीजेपी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो भारतीय संविधान में समाहित मूल्यों के अनुरूप काम करती है।

इधर, छत्तीसगढ़ में भाजपा का सदस्यता अभियान कल तीन सितंबर से शुरू होगा। पार्टी अध्यक्ष किरण सिंहदेव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्यता दिलाकर अभियान की शुरूआत करेंगे।

संपूर्णता अभियान

मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी जिले की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय में आज संपूर्णता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर उत्पादों और उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सांसद संतोष पांडेय ने कलेक्टर और

पुलिस अधीक्षक के साथ स्टॉल का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के दूरस्थ इलाकों के मरीजों के लिए ''डॉक्टर आपके द्वार'' योजना के तहत एम्बुलेंस सुविधा का शुभारंभ भी किया गया। सांसद ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया। वहीं, कार्यक्रम में सांसद ने स्कूली बच्चो को साइकल का वितरण किया।

ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा संचालित ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा अति संवेदनशील क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में अहम भूमिका निभा रही है। जिले के अरनपुर, पालनार और अन्य दूरस्थ उप–स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाई जा रही है। वर्तमान में प्रतिदिन पचास से अधिक मरीज ई–संजीवनी के माध्यम से टेलीमेडिसिन सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। इस सुविधा के शुरू हो जाने से अब मरीजों को इलाज के लिए गांव से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मरीज वीडियो कॉल के माध्यम से सीधे डॉक्टरों से बातचीत कर अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी बता रहे हैं।

बीजापुर–जनदर्शन

बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिलेवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय बीजापुर मे हफ्ते में दो दिन सोमवार और गुरुवार को जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। जनदर्शन कार्यक्रम के दिन जिला कलेक्टर सुबह ग्यारह बजे से आम लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश देंगे।

कांग्रेस–प्रदर्शन

प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं और उनकी सुरक्षा को लेकर कांग्रेस कल तीन सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन करेगी। इस मामले को लेकर आज कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में प्रेस

कांफ्रेंस की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के नौ माह के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं।

क्रीडा–प्रतियोगिता

जांजगीर–चांपा जिले के हाईस्कूल मैदान में कल से चौबीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद कमलेश जांगड़े ने किया। इस प्रतियोगिता में पांच जोन – बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों वर्गों में फ्रीस्टाईल कुश्ती, ग्रीको रोमनो, मलखंभ, हैण्डबॉल और साफ्टबॉल जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसका समापन चार सितंबर को होगा।

संक्षिप्त समाचार

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने चालू सत्र के लिए ओडीएल, ऑनलाइन कोर्स में प्रवेश की तिथि दस सितंबर तक बढ़ा दी है।
- गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की शिक्षिका स्वप्निल पवार और अर्चना सेमुएल मसीह को राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में राज्यपाल शिक्षकों को पुरस्कृत करेंगे।
- साक्षरता कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता लाने और शिक्षा का प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने आज उल्लास साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- बालोद जिले के राजहरा थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से देशी शराब की तीस बोतलें जब्त की गई हैं।

<><><><><>